## एक नजर में

### सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मिले मुक्ति, अध्यादेश लाने की मांग



**धार।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने आज महिला एवं बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर से मुलाकात कर सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि 25-30 वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों के लिए दोबारा टीईटी अनिवार्य करना उचित नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पुनर्विचार याचिकाएं निरस्त किए जाने के बाद भी यदि सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य रखा जाता है, तो यह उनके अधिकारों का हनन होगा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार से इस संबंध में अध्यादेश लाकर सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट प्रदान करने की मांग की। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और उनकी मांग को केंद्र सरकार के समक्ष रखने तथा उचित स्तर पर विचार कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री दिलीप शास्त्री, सचिव श्री विनोद पांडे, श्री हकम सिंह ठाकुर, श्री आशाराम चौहान, श्री रामगोपाल शर्मा, श्री शंकर सिंह ठाकुर, श्री देवेंद्र त्रिवेदी, श्री सर्वेश तावरे तथा श्री सूरज अहीर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री विनोद पांडे ने किया। ज्ञापन का वाचन भी सचिव श्री विनोद पांडे ने किया

### मनावर में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 2 .0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**मनावर ।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 2 .0 के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद मनावर एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) एवं नवागतथाना प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने फर्जी कॉल, ओटीपी, बैंक खाते एवं एटीएम की गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति से साझा नहीं करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। अधिकारियों ने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी के मामलों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार हों तो बिना देर किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों से स्वयं जागरूक रहने के साथ अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया, ताकि सामूहिक प्रयासों से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।*साइबर सुरक्षा के 5 महत्वपूर्ण सुझाव ओटीपी, बैंक पासवर्ड और एटीएम पिन किसी से साझा न करें। अनजान लिंक या ऐप डाउनलोड करने से बचें। फर्जी कॉल और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराने वालों की बातों में न आएं। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर तत्काल शिकायत दर्ज करें।

### भावसिंह डावर ने नगर सैनिक के रूप में अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दी

**गंधवानी ।** गंधवानी थाने पर पदस्थ नगर सैनिक भावसिंह डावर ने अपने पूरे सेवाकाल में कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए हर दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ किया कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन कर विभाग और गंधवानी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। उनका सेवाभाव, अनुशासन और सरल व्यक्तित्व सदैव सहकर्मियों एवं अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहा ये यह बात गंधवानी थाने में सेवा निवृत हुए नगर सैनिक भावसिंह डावर के कार्यकम में मौजूद लोगों ने कही। इस अवसर पर परिवार, मित्रों, सहकर्मियों एवं समस्त शुभचिंतकों ने भावसिंह डावर के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कुमुदलता महाराज के चातुर्मास कार्यालय का उद्घघाटन

**इंदौर .** महावीर भवन श्रावक संघ ट्रस्ट, इंदौर के पुण्योदय से इस वर्ष अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता महाराज आदि ठाणा 4 का पावन वर्षावास प्राप्त हुआ है. चातुर्मास के सुव्यवस्थित संचालन हेतु नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड पर चातुर्मास कार्यालय का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। संघ कार्याध्यक्ष अचल चौधरी ने बताया कि चातुर्मास व्यवस्थापन की दृष्टि से कार्यालय का शुभारंभ किया जा रहा है. इस दौरान चार माह तक होने वाले धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन, शिविर एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी. महामंत्री रमेश भण्डारी ने बताया कि महासती डॉ. कुमुदलता के सान्निध्य में इस वर्ष चातुर्मास अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहेगा. चातुर्मास प्रमुख डीपीन जैन एवं मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा के नेतृत्व में सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं. सह संयोजक राजकुमार जैन एवं हेमन्त बोहरा व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे हैं. चातुर्मास कार्यालय का शुभारंभ समाज सेवी महावीर नाबरिया द्वारा किया गया. साथ ही चातुर्मास के पोस्टर का विमोचन भी किया गया. मुख्य समन्वयक जिनेश्वर जैन ने बताया कि शुभारंभ समारोह में इन्दौर नगर के विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मलित हुए. विभिन्न मंडलों की श्राविकाएं भी उपस्थित रही. 22 जुलाई को प्रात: महासती मंडल का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश भव्य जुलूस के रूप में होगा यह जानकारी मंगल प्रवेश समिति संयोजक रितेश कटकानी ने दी. मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा ने समारोह का संचालन किया. विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया. शुभारंभ समारोह में मुख्य रूप से रवि बाफना, मुकुंद चंद मेहता, हुलास बेताला, विमल तातेड, बाबू लाल जैन, हनुमान प्रसाद पोरवाल आदि सम्मिलित हुए.

### मुनि सुधा सागर से इंदौर चातुर्मास का निवेदन

**इंदौर .** मुनि सुधा सागर महाराज के इंदौर चातुर्मास निवेदन की श्रृंखला में सामाजिक संसद के परम संरक्षक महेंद्र कुमार जैन, अध्यक्ष आनंद गोधा, संगठन महामंत्री प्रिंसिपल टोंग्या, कार्य अध्यक्ष अजय जैन गोयल नगर एवं उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष संजय (काका) गुना में विराजमान मुनिश्री को इंदौर चातुर्मास हेतु निवेदन किया. गुरुदेव की ओर से एवं संघस्थ सभी मुनि राजो एवं छुल्लक मुनि महाराज का संकेत है कि गुरुदेव का इस वर्ष का चातुर्मास इंदौर में होने की पूरी पूरी संभावना है. केवल अब बस दो दिन हमें गुना स्थित बजरंगगढ़ तीर्थ क्षेत्र पर अपना पूरा समर्पण भाव दिखाना है .

# किसान यूनियन के जल सत्याग्रह आंदोलन को मिली सफलता

- प्रशासन से सभी 20 मांगों पर बनी सहमति आन्दोलन स्थगित







**सरदारपुर । प्रयागराज के संगम क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन (युवा) के नेतृत्व में विभिन्न किसान एवं जनसमस्याओं को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह आंदोलन आज सकारात्मक परिणाम के साथ आगे बढ़ा। आंदोलन के दूसरे दिन प्रशासन की ओर से एडीएम सिटी विनय सिंह, एसीपी कुंजलता, बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आंदोलन स्थल पर पहुंचे और भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत वार्ता की।**

वार्ता के दौरान संगठन द्वारा प्रस्तुत 20 सूत्रीय मांगपत्र के प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई। भूमि अधिग्रहण में किसानों को न्यायपूर्ण मुआवजा, ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति, उर्वरकों की उपलब्धता, स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याएं, आवारा पशुओं से किसानों की सुरक्षा, गौशालाओं का निर्माण, पशु चिकित्सकों की नियुक्ति, भूमाफियाओं पर कार्रवाई, फर्जी मुकदमों की जांच, नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना लगाए गए करों सहित सभी जनहित एवं किसान हित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन द्वारा गंभीरता दिखाई गई।बैठक में प्रशासन की ओर से सभी 20 मांगों पर सहमति व्यक्त की गई तथा संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया।भारतीय किसान यूनियन (युवा) के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि यह जीत किसी एक संगठन की नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों और आम जनता के संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि संगठन का आंदोलन हमेशा शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और जनहित के मुद्दों पर आधारित रहा है तथा आगे भी किसानों और आमजन के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।संगठन ने प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब सभी सहमत बिंदुओं पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। भारतीय किसान यूनियन प्रशासन द्वारा किए गए आश्वासनों और निर्णयों के क्रियान्वयन की लगातार निगरानी करेगा।

### डीईओ चौरसिया को दी शिक्षकों ने विदाई

**मांडू ।** नालछा विकासखंड जिला शिक्षा अधिकारी बालमुकुंद चौरसिया का स्थानांतरण महेश्वर विकासखंड में हो गया है। इससे शिक्षक परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर अभी तक का सबसे ज्यादा समय नालछा विकासखंड में बालमुकुंद चौरसिया विकासखंड अधिकारी ने अपने कार्यकाल किया जिसकी सराहना जनप्रतिनिधि शिक्षक परिवार के साथी सभी ने मिलकर विदाई समारोह का आयोजन किया। यहां काफी संख्या में शिक्षा परिवार के साथी मौजूद रहे सभी ने विकासखंड अधिकारी के कार्यकाल की सराहना की साथ ही फूल माला से अधिकारी का स्वागत किया गया कार्यक्रम की खास बात यह रहेगी विकासखंड जिला शिक्षा अधिकारी के विदाई समारोह में नालछा विकासखंड नवजात विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी कार्यक्रम में पहुंचे नाथू प्रसाद कोले नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया कार्यक्रम का संचालन राजेश राठौर नालछा ने किया कार्यक्रम का आभार प्राचार्य लक्ष्मण यादव ने माना।



## जरूरतमंद परिवारों को बांटे छाते बारिश से बचाव का दिया सहारा

- सेवार्थ सेतु फाउंडेशन ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा के प्रति भी किया जागरूक

**बदनावर।** बारिश के मौसम की शुरुआत के साथ सेवार्थ सेतु फाउंडेशन ने नगर के जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर छातों का वितरण किया। फाउंडेशन की प्रमुख पारुल चौहान ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान रोजाना मेहनत-मजदूरी करने वाले और सड़क पर कार्य करने वाले लोगों को हर हाल में घर से बाहर निकलना पड़ता है।

ऐसे में उनका काम प्रभावित न हो और उन्हें बारिश से राहत मिल सके, इसलिए फाउंडेशन की ओर से छातों का वितरण किया गया। इससे मजदूरों को काम करने में सुविधा होगी और बच्चे भी आसानी से स्कूल जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प के साथ लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य कर रही है। इस दौरान लोगों को बारिश के मौसम में घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देने, स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित खान-पान अपनाने, बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और उन्हें मोबाइल से दूर रखने की सलाह भी दी गई, ताकि वे स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम में गोरी पांचाल, योगिता माथुर, नेहा शर्मा, प्रियंका पारलिया, प्रिया गोस्वामी, प्रांजल राठौर सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान



**मनावर . राष्ट्रीय** चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) पर समाज सेवी अरविंद पांडे एवं उनकी टीम ने स्थानीय पार्वती हॉस्पिटल पहुंचकर नगर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के.सी. राणे, डॉ. जितेंद्र राणे एवं डॉ. नेहा राणे का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके द्वारा वर्षों से दी जा रही उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। इसके पश्चात टीम ने शासकीय सिविल अस्पताल पहुंचकर सीबीएमओ डॉ. चंपा बघेल, डॉ. संजय मुवेल, डॉ. सुनील देसाई, डॉ. मोनिका चौहान, डॉ. शीतल चौहान, डॉ. सुभाष बर्डे, डॉ. प्रवीण वास्केल, डॉ. सचिन पाटीदार, डॉ. मुकेश ठाकुर, डॉ. धर्मेंद्र बघेल एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. जितेंद्र पाटीदार का भी सम्मान किया। सभी चिकित्सकों को शाल-श्रीफल भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद पांडे, ने चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा भाव ही समाज को स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त बनाने का आधार है।

## डॉक्टर्स डे पर नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**कुक्षी।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा एक विशेष पहल की गई। प्रकोष्ठ की ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से समाज और संगठन में अमूल्य योगदान देने वाले चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया।

शिविर में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. अतुल वडनेरे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंद्रेश जैन, डॉ. राजेंद्र प्रजापत, डॉ. अतुल अग्रवाल एवं डॉ. रोहित गुप्ता ने उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंद्रेश जैन ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आजकल की व्यस्त जीवनशैली में लाइफस्टाइल बदलाव की बेहद जरूरत है। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए रोज कम से कम 8 घंटे की भरपूर नींद लें। प्रतिदिन एक घंटा एक्सरसाइज, वॉकिंग या जॉगिंग जरूर करें। शिविर में भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह सेप्टा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह सेप्टा, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष शेरू ब्रजवासी, मंडल महामंत्री कन्हैया पाटीदार, लोकेश चौहान, मनीष सेन,दिलीप सोलंकी आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों ने डॉक्टरों की इस सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सुपर 60 प्लस का 100वां नि :शुल्क शिविर आज

**धार।** भोज शोध संस्थान के वृद्धजन चिकित्सा जांच शिविर का 100 वा शिविर आज स्थानीय श्रद्धालय वृद्धाश्रम महाराजा भोज स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैलाश नगर के पास आज लगाया जाएगा। भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2017 से सुपर 60 प्लस वृद्धजन चिकित्सा जांच सेवा प्रकल्प की शुरुवात की गई थी। प्रतिमाह की पांच तारीख को प्रात: 8 से 10 बजे तक यह शिविर स्थानीय विक्रम ज्ञान मन्दिर लाल बाग परिसर धार में आयोजित किया जाता है। शिविर के एक प्रभाग में आनंद यात्रा के अंतर्गत ओंकारेश्वर, महेश्वर, मोहनखे?ा, मांडू, भक्ताम्बर तीर्थ की यात्रा सम्पन्न हुई है। नियमित शिविर में वजन, ब्लडप्रेशर, शुगर आदि के जांच के साथ विशेषज्ञ डॉ की जांच व संवाद एक प्रकल्प का आकर्षण रहा। शिविर के समापन पर वृद्धजन को सेहत का उपहार पौष्टिक आहार प्रदान किया जाता रहा। प्रकल्प संयोजक दुर्गेश नागर ने बताया कि आज 100 शिविर का विशेष पूर्णांक कीर्तिमान बना है। इस विशेष अवसर पर आज स्थानीय श्रद्धालय वृद्धाश्रम में अमलतास अस्पताल की आँख, हड्डी, महिलारोग, हार्ट आदि रोगों की विशेषज्ञ टीम द्वारा वृद्धजनों की नि :शुल्क जांच, उपचार व दवाइयां प्रदान की जाएंगी। वजन, शुगर, ब्लडप्रेशर, ईसीजी आदि जांच नि :शुल्क की जाएगी। धार व आसपास के गांवों के ?रूरतमंदों को नि :शुल्क उपचार मिल जाएगा। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक रहेगा। मरीज अपनी पुरानी फाइल, रिपोर्ट्स व दवाई साथ लेकर आएं। बिना आयुष्मान कार्ड भी जांच व उपचार होगा। आयुष्मान कार्ड हो तो साथ लेकर अवश्य लावे।

## बाग पुलिस को मिली सफलता, बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

- आरोपी से थाना बाग, डेहरी, नौगाँव, मनावर, मंदसौर से चोरी गयी मो .सा . जब्त
- कुल 05 मो .सा .किमती पाँच लाख की बरामद।



**धार** जिले मे पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा द्वारा क्षेत्र में हो रही चौरी की वारदात देखते हुवे बदमाशो के खिलाफ शख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, अनुविभीग अधिकारी कुक्षी सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बाग हिरुसिंह रावत द्वारा थाने पर टीम का गठित की गयी जिसमें चौकी प्रभारी डेहरी भुपेन्द्र खरतिया एवं थाना बाग व चौकी स्टाफ द्वारा लगातार क्षेत्र मे भ्रमण कर मुखबीर तंत्र से लगातार सर्म्पक किया गया। चार जुलाई को सुचना मिली की थाना बाग में चोरी गयी मो.सा. के संदेही आरोपी चोरी गयी बाइकके साथ कस्बा बाग में घुम रहा है मुखबिर सुचना पर आरोपी लखन उर्फ नानकिया पिता दीतु बघेल भील निवासी पहाडवा थाना जोबट जिला अलीराजपुर को कब्जे में लेकर पुछताछ करते थाना बाग, चौकी डेहरी, थाना मनावर, थाना नौंगाँव एवं जिला मंदसौर से अपने साथी के साथ मिलकर अलग अलग स्थानों से गाडी चौरी करने स्वीकार किया जिससे गिरफ्तार कर कुल 05 गाडियाँ किमती 5 लाख रुपये की,दो बजाज पल्सर मो.सा., 02 हिरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस मो.सा., एक होण्डा सीबी साईन मो.सा.... बरामद की गयी। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा द्वारा उक्त कार्यवाही की सराहना करते हुँवे । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हिरुसिंह रावत, चौकी प्रभारी डेहरी भुपेन्द्र खरतिया, प्र. आर.545 रेलमसिंह भिण्डे, प्र.आर.830 भावसिंह, आर. 1145 राजु, आर.979 प्रीतम, आर.519 ओम प्रकाश, सैनिक 1207 अजय का सराहनिय योगदान रहा ।

**एक नजर में** — जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, नाले के तेज बहाव में बहने लगी कार, किसानों की बढ़ी चिंता

# बारिश बनी व्यवस्था की परीक्षा, मनावर में नगर पालिका हुई बेनकाब



**मनावर ।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में गुरुवार दोपहर हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई, वहीं नगर पालिका की व्यवस्थाओं की भी पोल खोलकर रख दी। बारिश शुरू होते ही कई वार्डों की नालियां और बड़े नाले उफान पर आ गए। समय पर सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मोहल्लों और गलियों में जल निकासी व्यवस्था ठप* नगर के कई मोहल्लों और गलियों में जल निकासी व्यवस्था ठप हो गई। गंदा पानी कई घरों में घुस गया, जिससे रहवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों का कहना है कि यदि बारिश से पहले नालियों और नालों की नियमित सफाई कराई जाती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।

तेज बहाव में बहने लगी कार, लोगों ने बचाई* वार्ड क्रमांक 11 बोहरा मस्जिद क्षेत्र में नाले का जलस्तर बढ़ने से वहां खड़ी तीन कारें पानी से घिर गईं। इनमें से सैफुद्दीन नजमी की कार तेज बहाव में बहने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए नाले में उतरकर भारी मशक्कत के बाद कार को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि पानी इंजन तक पहुंच जाने से कार पूरी तरह बंद हो गई, जिसे बाद में क्रेन की सहायता से मरम्मत के लिए भेजा गया।खेतों में भरा पानी, किसानों ने बनाई नालियां* बारिश का असर कृषि क्षेत्र में भी दिखाई दिया। जिन किसानों ने कपास, मक्का और सब्जियों की फसल लगाई है,

नगरवासियों ने की स्थायी समाधान की मांग* नगरवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, नालियों और नालों की नियमित सफाई कराई जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि बारिश के दौरान ऐसी स्थिति दोबारा न बने। आकाशीय बिजली गिरने से नीम का पेड़ फटा* बालीपुर धाम स्थित अंबिका आश्रम के सामने तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से वर्षों पुराना विशाल नीम का पेड़ बीच से फट गया। पेड़ का बड़ा हिस्सा पास स्थित लगभग दस वर्षों से बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय भवन पर गिर गया, जिससे भवन क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय पेड़ के नीचे कोई श्रद्धालु या राहगीर मौजूद नहीं था। अंबिका आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है और बारिश के दौरान लोग अक्सर इसी पेड़ के नीचे रुकते हैं। समय रहते बड़ा हादसा टल गया।